बिहार शिक्षा परियोजना, नालन्दा
नालन्दा कॉलेजिएट, गढ़पर
नालन्दा

Bihar Education Project, Nalanda
Nalanda Collegiate, Garhpar
Nalanda

पत्रांक Quality/SSA/1695 दिनांक 09.10 /2023

प्रेषक :–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, नालन्दा

सेवा में,
सभी प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक /सभी प्रारम्भिक विद्यालय / उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय/ माध्यमिक/ उच्च माध्यमिक विद्यालय /केन्द्रीय विद्यालय/डी0ए0भी0/नवोदय / प्रोजेक्ट / सी0बी0एस0ई0 से मान्यता प्राप्त विद्यालय/निजी विद्यालय
जिला–नालन्दा।

विषय **31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस 2023 का जिला स्तरीय विज्ञान सम्मेलन के आयोजन में भाग लेने के संबंध में**

प्रसंग **राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना के पत्रांक 1050, दिनांक 25.05.2023**

महाशय,

उपर्युक्त प्रासांगिक विषयक अंकित करना है कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना के पत्रांक 1050, दिनांक 25.05.2023 के आलोक में जिला स्तरीय 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस 2023 का आयोजन दिनांक 13.10.2023 को सन बिम्ब सेन्ट्रल स्कूल कोसूत, राजगीर रोड़ (राणा विगहा) , बिहारशरीफ में आयोजन होना निर्धारित किया गया है। बच्चों की 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस 2023 के आयोजन का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना (Understanding Eco system for Health and well being) उक्त जिला स्तरीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस के आयोजन हेतु निम्न निर्देश है :–

1. इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों की उम्र सीमा 10 से 17 वर्ष निर्धारित है। उम्र की गणना दिनांक 31.12.2023 के आधार पर की जाएगी।
2. प्रत्येक 10 प्रोजेक्ट पर एक का चुनाव किया जाएगा। सीनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष) से 60 प्रतिशत, जुनियर वर्ग (10 से 14 वर्ष) से 40 प्रतिशत तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से 50–50 प्रतिशत का चयन किया जाएगा।
3. यह एक समूह आधारित कार्यक्रम है, जिसमें प्रत्येक परियोजना पर दो बच्चे होगें जिसमें एक समूह नायक दूसरा सहायक होगा। इसके लिए विद्यालय कोष से 500/– (पाँच सौ रु.) मात्र तक खर्च किया जा सकता है।
4. प्रत्येक परियोजना का पंजीकरण अलग–अलग होगा जिसमें प्रत्येक का शुल्क 100 रुपया मात्र होगा। इस राशि का व्यय जिला स्तर पर गठित संचालन /आयोजन समिति द्वारा आवश्यक कार्य में किया जाएगा।
5. प्रत्येक परियोजना का लिखित रिपोर्ट के साथ चार चार्ट पेपर लेकर आना है।
6. जिला स्तरीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस 2023 के आयोजन को सफल बनाने हेतु निम्न शिक्षक/ कर्मी को दिनांक 12.10.2023 से 14.10.2023 तक के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है :–
   I. श्री शैलेन्द्र प्रसाद–आर0बी0 +2 विद्यालय, नालन्दा
   II. श्री विश्वमोहन कुमार–बी0आर0पी0 अस्थावॉ
   III. डॉ0 संजीव कुमार रंजन–जवाहर कन्या +2 विद्याकलय झींगनगर
   IV. श्री रंजीत कुमार शेठी–राजकीय +2 विद्यालय राणा विगहा
   V. डॉ0 राजा राम प्रसाद–धनेश्वरी कन्या +2 विद्यालय नीरपुर

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

09/10/2023

बिहार शिक्षा परियोजना, नालन्दा
नालन्दा कॉलेजिएट, गढ़पर
नालन्दा

Bihar Education Project, Nalanda
Nalanda Collegiate, Garhpar
Nalanda

आप सभी को निदेश दिया जाता है कि लिखित परियोजना रिपोर्ट के साथ प्रतिभागी बच्चों को पूर्वाह्न 10:00 बजे उक्त निर्धारित स्थल, तिथि को भेजना सुनिश्चित करें।

Abhay 09/10/2023.

विश्वासभाजन
09/10/23
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, नालन्दा

ज्ञापांक SSA/1695 /बिहारशरीफ, दिनांक 09.10.23/

प्रतिलिपि :— 1. सभी संबंधित शिक्षक /प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रेषित। निदेश है कि कार्यक्रम के समाप्ति के उपरान्त स्वतः विरमित होकर अपने–अपने विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेगें।
2. प्राचार्य सन बिम्ब सेन्ट्रल स्कूल कोसूत (राणा विगहा) बिहारशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. श्री शैलेन्द्र प्रसाद (9905982274) जिला समन्वयक, साईंस फॉर सोसाईटी, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालन्दा की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।
6. राज्य समन्वयक रा0बा0वि0काँ0 को सूचनार्थ समर्पित।
7. निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

Abhay 09/10/2023.

9/10/23
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
प्रा0शि0 एवं समग्र शिक्षा, नालन्दा

3